"Gangmul" सरस Reg. No. 35 KH Dated 30.01.1984

**SRIGANGANAGAR ZILA DUGDH UTPADAK SAHKARI SANGH LTD.,**

**HANUMANGARH JN- 335 512 (Raj)**

*ISO 9001-2000 & HACCP Certified Organisation*

पत्र क्रमांकः गंगमूल / भंड़ार / 2024–25 7178-83 दिनांकः– 05.10.2024

प्रबन्ध संचालक श्री गंगानगर जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि. हनुमानगढ़ जंक्शन

## लोडिंग / अनलोडिंग कार्य के लिए निविदा फॉर्म

निविदा फॉर्म मूल्य 236 रुपये मात्र निविदा फार्म संख्या

1 निविदा का नामः– लोडिंग / अनलोडिंग कार्य हेतु निविदा

2 निविदादाता का नामः–.................................................................

3 निविदादाता के पिता / फर्म का नामः–..................................................................................................

4 **डी.डी. / सी.आर. / पे–आर्ड़र के साथ फार्म भर कर प्रबन्ध संचालक के नाम दिनांक 10.10.2024 गुरूवार समय सांय 3 बजे तक संघ के मुख्यालय में जमा करवाना होगा।**

5 **निविदा प्रपत्र खोलने की दिनांक 14.10.2024 सोमवार समय सांय 3 बजे (संघ मुख्यालय)**

6 डी.डी.नं0 / सी.आर.नं0 / पे–आर्ड़र ........................................................ दिनांक ..................................................... अमानत राशि............ . रुपये

7 आधार नं0.................................................

8 पैन नं0.......................................................

9 निविदादाता का :–

(क) स्थाई पत्राचार का पता :–..........................................................................................................

मय प्रमाणपत्र सहित

(ख) मोबाईल नं :– (i) ................................................(ii) ......................................................................

10 कार्य का अनुभव यदि हो तो :.......................................................................................................... अंकित करें।

11 **लोडिंग / अनलोडिंग कार्य की जानकारी व शर्ते फार्म के साथ संलग्न है।**

12 उपरोक्त सूचनाऐं मेरी निजी जानकारी के अनुसार पूर्ण रूप से सही हैं व सही दी गई हैं। फार्म के साथ संलग्न प्रपत्र में कार्य की जानकारी एवं सभी शर्तों को अच्छी तरह से समझ / पढ़ लिया है। मैनें कोई भी तथ्य नही छुपाया है। यदि इस क्रम मे कोई शिकायत या विवाद उत्पन्न होना प्रमाणित होता है तो संघ द्वारा मुझे निविदा से बाहर करने पर मुझे कोई आपत्ति नही होगी। अतः मैं इस निविदा में भाग लेना चाहता / चाहती हूं।

हस्ताक्षर निविदादाता

05/10/24 I/C Store

"Gangmul" Reg. No. 35 KH Dated 30.01.1984

**SRIGANGANAGAR ZILA DUGDH UTPADAK SAHKARI SANGH LTD.,**

**HANUMANGARH JN- 335 512 (Raj)**

*ISO 9001-2000 & HACCP Certified Organisation*

| लोडिंग/अनलोडिंग कार्य का विवरण | | | | |
|---|---|---|---|---|
| क्र. सं. | कार्य के प्रकार/सामान का नाम | लोडिंग/अनलोडिंग होने वाली गतवर्ष की अनुमानित मात्रा | दर प्रतिपैक/बण्डल/क्विंटल/टन | |
| | | | दर | कुल राशि |
| 1 | एस.एम.पी लोडिंग/अनलोडिंग प्रति टन, 25 किलोग्राम बैग पैकिंग में | 7298.9 टन | | |
| 2 | घी लोडिंग/अनलोडिंग 15 कि0ग्रा0 टिन/5 ली. टिन/1 ली. पॉलीपैक 10ली. पैकिंग में प्रति टन | 2041 टन | | |
| 3 | कास्टिक सोड़ा/सोड़ा ऐश/क्रिस्टल साल्ट बैग (25 कि0ग्रा/50 कि0ग्रा0 वजन पैक मे) प्रति टन | 201.68 टन | | |
| 4 | मिल्क फिल्म रोल (अनुमानित वजन प्रति रोल 21 कि0ग्रा0) प्रति टन | 166.72 टन | | |
| 5 | (एस.एम.पी.) के.पी. बैग खाली लोड़िंग/अनलोड़िंग प्रति टन | 26.83 टन | | |
| 6 | पाउड़र लाईनर लोड़िंग/अनलोड़िंग प्रति टन | 13.35 टन | | |
| 7 | खाली टिन 15 कि0ग्रा0 लोडिंग/अनलोडिंग प्रति टिन | 45632 नग | | |
| 8 | खाली टिन 5 लीटर लोडिंग/अनलोडिंग प्रति टिन | 21520 नग | | |
| 9 | सीएफसी बण्डल (25 नग पैकिंग/50 नग पैकिंग) प्रति बण्डल सीएफसी 100ग्राम/200ग्राम दही कप/सी.एफ.सी. 15कि.ग्रा. टिन इत्यादि | 46619 बण्डल | | |
| 10 | सी.एफ.सी. डिवाइडर (200 नग पैकिंग) प्रति बण्डल | 15000 बण्डल | | |
| 11 | मिड डे मील 5 कि0ग्रा0 पैक में प्रति कार्टून लोडिंग/अनलोडिंग | 59455 बॉक्स | | |
| 12 | लाईन्ड़ मोनों कार्टून लोड़िंग/अनलोड़िंग प्रति कार्टून | 2425 बॉक्स | | |
| 13 | खाली प्लास्टिक क्रेट लोड़िंग/अनलोड़िंग प्रति क्रेट | 2582 नग | | |
| 14 | दही कप कार्टून लोडिंग/अनलोडिंग प्रति कार्टून | 3772 बॉक्स | | |
| 15 | कोई अन्य प्रकार के सामान की लोड़िंग/अनलोड़िंग के कार्य का औसत वजन मानते हुए कांटे की पर्ची के वजन अनुसार दर | | | |
| 16 | कुछ सामान जो आऐगा उसका निम्नानुसार लोड़िंग/अनलोड़िंग की दर अंकित करें | | | |
| | (i) 0–5kg पैक मानते हुए दर<br>(ii) 5–25 kg पैक मानते हुए दर<br>(iii) 25–50kg पैक मानते हुए दर | | | |
| | | | | |

निविदादाता के हस्ताक्षर

GANGMUL", Industrial Area, Hanumangarh Jn – 335 512

Phone No.01552-260522 : Telefax: 262847 E-mail: rcdfgng_jp1@bsnl.in

Rksb letter head 05/10/24 I/C Store

## निविदा हेतु सामान्य निर्देश/शर्ते

### लोडिंग/अनलोडिंग कार्य की निविदा भरने एवं अनुबन्ध हेतु सामान्य निर्देश व शर्ते

1 प्रस्तावित निविदा बन्द होनी चाहिए जब निविदा प्रपत्र प्रबन्ध संचालक गंगमूल को प्रेषित किया जाए। उस बन्द लिफाफे पर लोडिंग/अनलोडिंग बाबत निविदा अंकित करें।

2 दरें फार्म के साथ संलग्न कार्य विवरण के आगे रिक्त स्थान पर साफ–साफ शब्दों एवं अंकों में लिखे। किसी प्रकार की काट–छांट या उसके उपर ठीक किया हुआ हो तो निविदादाता द्वारा उस जगह पर हस्ताक्षरित किया हो।

3 दर देने से पूर्व समस्त शर्तो को ध्यान पूर्वक अध्ययन कर एवं समस्त पृष्ठों पर निविदादाता अपने हस्ताक्षर करने बाद ही निविदा फार्म संघ मुख्यालय में प्रेषित करे।

4 निविदा प्रेषित करने से पूर्व संघ कार्यालय में रुपये **10000** बतौर अमानत राशि डी.डी./सी.आर. रसीद/पे–ऑर्डर श्रीगंगानगर जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि. हनुमानगढ़ जं0 कार्यालय में जमा करवाने होगें। बिना अमानत राशि के निविदा/टेण्डर स्वीकृत नहीं किया जाऐगा।

5 निविदा प्रपत्र/फार्म में निविदादाता को अपना पुरा नाम, पिता का नाम एवं पत्र व्यवहार का पूर्ण पता व 2 मोबाईल नं0 लिखना होगा।

6 निविदादाता फार्म के साथ स्वंय का आधार कार्ड/पैन कार्ड/(यदि लेबर कार्य का प्रमाण पत्र हो तो) प्रमाण पत्र स्वयं द्वारा प्रमाणित कर उक्त सभी फोटो प्रतियां आवश्यक रूप से संलग्न करें।

7 निविदादाता द्वारा निर्धारित निविदा प्रपत्र के बिना दी गयी निविदा दरों पर विचार नहीं किया जाऐगा। साथ ही निविदादाता को उक्त कार्य हेतु अपनी दरें निर्धारित निविदा शर्तों के अनुरूप ही देनी होगी। यदि निविदादाता अपनी और से अन्य कोई और शर्त/शर्ते जोड़ता है तो वह मान्य नहीं होगी।

8 निविदा स्वंय अथवा उसके द्वारा प्रमाणित प्रतिनिधि के माध्यम से निर्धारित दिनांक व समयावधि में प्रस्तुत करनी होगी। डाक/तार/ई–मेल तथा निर्धारित दिनांक व समयावधि के पश्चात निविदा पत्र/ निविदा मे मान्य नहीं होगा।

9 यदि उक्त निविदा कार्य में लेबर श्रमिकों के लिए कर्मचारी भविष्यनिधि पी0एफ0 प्रक्रिया, ई.एस.आई. प्रावधान के अन्तर्गत आते है तो उक्तानुसार कार्यरत कार्मिकों के संबंध में किसी प्रकार की प्रक्रिया की समस्त कार्यवाही निविदादाता/ठेकादर को पूर्ण करनी होगी। इस प्रकार की किसी भी वसूली/बकाया वसूली की सूचना यदि भविष्य निधि/ई.एस.आई. विभाग से अनुबन्ध अवधि में अथवा वाद में संघ को मिलती है तो उक्त वसूली निविदादाता/ठेकेदार से की जावेगी एवं आवश्यकता पड़ने पर संबंधित वसूली के लिए संघ कानूनी प्रक्रिया का सहारा लेने में स्वतंत्र रहेगा जिसकी समस्त जिम्मेदारी निविदादाता/ठेकेदार स्वयं की होगी।

10 टेण्डर अवधि के दौरान या टेण्डर अवधि समाप्त होने के बाद भी ई.एस.आई. व पी.एफ. विभाग द्वारा ठेका अवधि में या ठेका अवधि पश्चात निरीक्षण किये जाने की स्थिति में ठेकेदार को अपने समस्त रिकॉर्ड का निरीक्षण करवाना होगा। ऐसे निरीक्षण के आधार पर यदि कोई उतरदायित्व बनता है तो वह ठेकेदार/निविदादाता द्वारा ही वहन किया जाएगा।

निविदादाता के हस्ताक्षर



05/10/24
I/c Store

11 अनुबन्ध की अवधि 1 वर्ष के लिए मान्य होगी अनुबन्ध अवधि समाप्त होने से पूर्व यदि संघ को आवश्यकता हुई तो अनुबन्ध को इसी दर पर व इसी शर्तो पर प्रबन्ध संचालक गंगमूल द्वारा आगामी **3** माह के लिए बढ़ाया जा सकता है जो निविदादाता/ठेकेदार को मान्य होगा।

12 निविदादाता/ठेकेदार को किसी भी परिस्थिति में संघ द्वारा स्वीकृत अनुबन्ध को किसी अन्य व्यक्ति को स्थानान्तरण का अधिकार नहीं होगा। यदि ऐसा होता है तो ठेकेदार पर शास्ति आरोपित की जावेगी एवं निविदा भी निरस्त की जा सकेगी।

13 प्रबन्ध संचालक उक्त अनुबन्ध को संघ हित में बिना कारण बताये 15 दिवस के नोटिस पर समाप्त कर सकता है। एवं प्रबन्ध संचालक को संघ हित में वर्तमान अनुबन्ध की किसी भी शर्त को विलोपित करने, शर्तो में छूट देने एवं ठेकेदार की सहमति से शर्तो में परिवर्तन करने अथवा नई शर्त लागू करने का अधिकार होगा।

14 निविदादाता द्वारा लोडिंग/अनलोडिंग कार्यसूची के क्र.सं. 1 से 16 तक की दी गई दरों हेतु न्यूनतम दरों का निर्धारण कुल राशि से किया जाऐगा। **(All item with evaluated together)**

15 सफल निविदादाता को अनुबन्ध के साथ राशि **40000/– रुपये** धरोहर राशि के रुप में संस्था से आदेश प्राप्ती के तीन दिवस में जमा करवानी होगी।

16 लोडिंग/अनलोडिंग कार्य के लिए बिल संघ द्वारा निर्धारित प्रारूप में 15 दिवस में भंड़ार मे देने होगें।

17 राज्य/भारत सरकार द्वारा लागू टैक्स से संबंधित सभी कर का दायित्व सफल निविदादाता द्वारा वहन किये जाऐंगे व मान्य होगें। इससे संबंधित संस्था की किसी भी प्रकार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

18 लोडिंग/अनलोडिंग कार्य की समय सीमा निर्धारित नहीं होगी। संघ की आवश्यकतानुसार लोडिंग/अनलोडिंग का कार्य भंड़ार अधिकारी व प्रशासन के निर्देशानुसार उपरोक्त कार्य शीघ्र पूरा करना होगा।

19 निविदादाता/ठेकेदार द्वारा कार्य पर लगाये जाने वाले श्रमिक 18 वर्ष की आयु से कम नहीं होने चाहिए व लगाये जाने वाले श्रमिक स्वस्थ एवं कार्य के लिए पूर्ण रूप से योग्य हो।

20 निविदादाता/ठेकेदार द्वारा कार्य पर लगाये गये श्रमिक आदतन अपराधी, अपराधिक रिकॉर्ड, पुलिस केस वाले श्रमिक को संघ में कार्य पर नहीं लगायेगा। यदि ऐसा पाया जाता है तो ठेकेदार के विरूद्व शास्ति आरोपित कर ठेका भी निरस्त किया जाएगा।

21 निविदादाता/ठेकेदार द्वारा कार्य हेतु उपलब्ध करवाये गये किसी श्रमिक का व्यवहार/कार्य संतोषजनक नहीं पाये जाने पर प्रभारी/विभागीय अधिकारी के निर्देश पर उस श्रमिक को तत्काल हटाकर नया श्रमिक लगाना होगा। ऐसा नहीं करने की स्थिति में जुर्माना किया जाएगा।

22 निविदादाता/ठेकेदार द्वारा कार्य पर लगाये गये श्रमिक द्वारा संस्था में किसी प्रकार की हानि/नुकसान पहुंचाते हुए पकडे जाने पर हुई हानि की भरपाई निविदादाता/ठेकेदार से वसूल की जाएगी एवं जुर्माना बीस गुणा तक किया जाएगा।

23 निविदादाता/ठेकेदार को निविदा शर्तो के प्रत्येक पृष्ठ पर हस्ताक्षर करने आवश्यक होगे। जो निविदादाता/ठेकेदार द्वारा प्रत्येक शर्त की स्वीकारोक्ति मानी जाएगी। निविदा के दौरान भरा जाने वाले फार्म के साथ संस्था मे जमा करवाने होगें।

24 उक्त निविदा हेतु संघ में कार्यरत अधिकारी/कर्मचारी/संचालक मण्डल के सदस्य एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्य निविदा में भाग नहीं ले सकेगें।

निविदादाता के हस्ताक्षर



05/11/24
I/c Store

25 निविदादाता स्वयं ही निविदा प्रक्रिया में भाग ले सकेगा। अन्य कोई मान्य नहीं होगा।

26 असफल निविदादाता द्वारा जमा अमानत राशि एक माह की अवधि में चैक द्वारा/आर.टी.जी.एस. /डी.डी. द्वारा लौटायी जा सकेगी। तथा सफल निविदादाता द्वारा जमा करवायी गई अमानत राशि कार्यावधि समाप्ति के पश्चात एक माह की अवधि में लौटाई जाएगी। जिस पर किसी प्रकार का ब्याज देय नहीं होगा।

27 उक्त कार्य निविदादाता/ठेकेदार को संघ प्रशासन एवं स्टोर अनुभाग के निर्देशानुसार करना होगा। यदि ऐसा नहीं पाया जाता है तो संघ प्रशासन/स्टोर अनुभाग द्वारा शास्ति आरोपित कर अमानत राशि को जब्त करने व कार्य आदेश निरस्त करने का अधिकार संघ प्रशासन का होगा।

28 निविदादाता/ठेकेदार के किसी श्रमिक को कार्य के दौरान किसी भी प्रकार की चोट/क्षतिग्रस्त स्थिति में होने पर उसकी समस्त जिम्मेदारी सफल निविदादाता /ठेकेदार की होगी। संघ प्रशासन इसके लिए किसी भी प्रकार से जिम्मेदार नहीं होगा।

29 सफल निविदादाता/ठेकेदार को कार्य आदेश जारी होने पर कार्य प्रारम्भ करना होगा व **500** रुपये के नॉनज्युडिशियल स्टाम्प पेपर पर संघ से अनुबन्ध करना होगा।

30 सफल निविदादाता/ठेकेदार को कार्य के बारे में मौखिक रूप से निविदादाता/ठेकेदार के द्वारा दिये गये 02 सम्पर्क नं० पर कार्य हेतु स्टोर प्रभारी/प्रशासन द्वारा सूचित कर दिया जाऐगा। तद्वोपरान्त बताये गये कार्य का शीघ्र निस्तारण करना होगा। अन्यथा अनुबन्ध शर्त नं० 27 के तहत कार्यवाही अमल मे लायी जाऐगी।

31 सभी विवादों का निर्णय/न्याय क्षेत्र न्यायालय हनुमानगढ़ होगा।

नोटः– उपरोक्त सभी शर्ते व कार्य के बारे मैनें/हमने पुरी तरह से पढ़कर समझ लिया है तथा सभी शर्ते व कार्य मुझे/हमें पूर्ण रूप से स्वीकार है।

निविदादाता के हस्ताक्षर
पताः

05/10/24
I/c Store